**खबर संक्षेप**

### निरोगी काया अभियान के तहत आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शहडोल।** विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के नेतृत्व में निरोगी काया अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत चुहिरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला स्तरीय चिकित्सकों की टीम द्वारा ओपीडी के 199, सिकल सेल एनीमिया के 45, आई ओपीडी के 35, बीपी एवं शुगर के 110 सहित 9 अन्य मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, जनपद सदस्य श्रीमती रूकमणि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वेदमणि मिश्रा, सरपंच दिनेश टांडिया, खंड चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. यूबी सिंह, डीएचओ-1 डॉ. आर.के. शुक्ला सहित अन्य समाजसेवी, चिकित्सक एवं आमजन उपस्थित रहे।

### जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आज

**उमरिया।** जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक 7 मार्च को सायं 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय सभागार कक्ष उमरिया में आयोजित की गई है । बैठक में बैंकों की सीडी रेशियो की समीक्षा, एसीपी वर्ष 2025-26 का विमोचन, वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान के बारे में चर्चा, प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खातों का आरई केवायसी की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा, एसबीआई आरसेटी द्वारा प्रायोजित एवं इनके संवितरण पर चर्चा, सी एम हेल्प लाइन लंबित शिकायतों का निराकरण के सम्बन्ध में, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की समीक्षा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र विभाग के योजनाओं की समीक्षा, आदिवासी वित्त विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा, मत्स्य विभाग पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग के केसीसी की प्रगति की समीक्षा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग एवं जिला शहरी विकास अभिकरण विभाग की योजनाओं की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन उद्यम योजना की समीक्षा, बैंको के बढते एनपीए एंड आरआरसी की समीक्षा सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

# युवाओं ने तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया के द्वारा स्वच्छता अभियान को ध्यान देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत तालाब में पड़े कचरे, प्लास्टिक, कीचड़ निकालकर साफ सफाई की गई। जिसमें तालाबों से कचरा पन्नी या आदि वस्तुएं निकालकर तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत युवा टीम उमरिया द्वारा 1 सप्ताह तक ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा । उन्होंने कहा कि टीमों का विभाजन कर दिया गया है । अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में युवा टीम उमरिया के सदस्यगण स्वच्छता अभियान चलाएंगे जिसमें तालाबों कुआँ को स्वच्छ करने का कार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा कि आसपास जमा गंदगी से कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्वच्छता अपनाकर कई संक्रमणों से बच सकते हैं। स्वच्छता से अच्छे स्वास्थ्य के साथ हमें साफ वातावरण भी मिलता है। जिससे तन और मन प्रफुल्लित होता है। इसलिए, सभी को आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करना चाहिए। खुशी सेन ने कहा कि सभी को अपने आसपास सफाई अभियान चलाना चाहिए, ताकि हम अपने आप को स्वच्छ और स्वस्थ रख सकें। आज के समय में जो भी बीमारियां पैदा हो रही हैं वह सिर्फ सफाई करने के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुत सा पैसा हमारा इन बीमारियों में लग जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी लोग समझ नहीं रहे कि सफाई इंसान के जीवन के लिए कितनी जरूरी है जो उनको अनेक बीमारियों से बचा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे सफाई के महत्व को समझें और उसे अपने जीवन में एक आदत की तरह अपनाएं। अंत में सभी सदस्यों ने अपने आसपास सफाई करने की शपथ ली। अभियान में पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,महक सोनी,खुशबू बर्मन, सुनैना प्रजापति,लष्मी महोबिया, दीपू सेन,मनीषा बैगा एवं सभी का योगदान रहा।

### उपयंत्री एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत मानपुर में निर्माण कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया कि संतोष सिंह उपयंत्री (संविदा) सेक्टर इंदवार की प्रगति में कार्यकारी एजेंसी ग्राम पंचायतों द्वारा कई निर्माण कार्य कराये जा चुके है, किन्तु दो वर्ष व्यतीत होने के बावजूद भी उपयंत्री द्वारा कार्यो का मूल्यांकन नहीं किया गया है एवं मूल्यांकन पंजी अपने पास रखे हुए है, जिस पर सीईओ जिला पंचायत ने संतोष सिंह उपयंत्री सेक्टर इंदवार को तत्काल प्रभाव से सेक्टर से पृथक करते हुए संविदा सेवा शर्तो के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इसी प्रकार जिला खनिज प्रतिष्ठान के पुराने कार्यो की समीक्षा के दौरान कार्य न कराये जाने के कारण पंचायत मुगवानी में पदस्थ वर्तमान सचिव लल्लाराम प्रजापति ग्राम पंचायत मुगवानी व चन्द्रकांत तिवारी सचिव तत्कालीन मुगवानी वर्तमान बचहा को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल की परीक्षा में संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 47 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 8114 परीक्षार्थियों में से 7898 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 216 परक्षार्थी अनुपस्थित रहे । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी व ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही. द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. बन्नौदा , शा. हाईस्कूल बस्कुटा, शासकीय उमावि उत्कृष्ट पाली, शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट कन्या पाली एवं शा.उ.मा.वि. मुदरिया का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी। परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

### सीएमएचओ ने किया विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी.चौधरी द्वारा गत दिवस ग्राम बड़ेरी, बरबसपुर उप स्वाथ्य केंद्र उप स्वाथ्य केंद्र रोहनिया व निर्माणाधीन, पी एच सी रोहनिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निरोगी काया , दस्तक अभियान व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित कर्मचारियों को समय पर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । ग्राम रोहनिया,बरबसपुर में 0-5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए पिलाया गया।

## जीपीएफ एवं ईजीपीएफ के भुगतान प्रक्रिया के लिए होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त जिला आहरण संवितरण अधिकारी को पत्र जारी किया है कि शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि का अंतिम भुगतान ई-जीपीएफ के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तारतम्य में जिला कोषालय ग्वालियर में पायलेट टेस्टिंग कर ऑनलाइन जीपीएफ अंतिम भुगतान प्राधिकार पत्र महालेखाकार कार्यालय द्वारा सफलतापूर्वक जारी किये गये हैं। इसके लिए आईएफएमआईएस अंतर्गत ईजीपीएफ अंतिम भुगतान व्यवस्था पूरी तरह से ऑनलाईन है, जिसमें शासकीय सेवक सेवानिवृत्ति के 4 माह पूर्व जीपीएफ अंतिम भुगतान के लिए आईएफएमआईएस में ऑनलाइन आवेदन करेगा। यह आवेदन स्वयं के लॉगिन से या विशेष परिस्थिति में डीडीओ ऑन विहाफ सुविधा का उपयोग कर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ जीपीएफ पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन कर प्रकरण के सार ऑनलाइन महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किये जायेंगे, जिससे अविलम्ब भुगतान की कार्यवाही की जा सकेगी। उक्त प्रक्रिया के सुचारु एवं सफल संचालन हेतु ई-दक्ष केन्द्र जिला मुख्यालय शहडोल में चार चरणों में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 एवं 11 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। जिसमें वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एवं सहायक कोषालय अधिकारी द्वारा समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।



# साइबर जागरूकता ही साइबर सुरक्षा है

### आदर्श महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर परिचर्चा संपन्न

**उमरिया।** वर्तमान विज्ञान और टेक्नोलॉजी के युग में मोबाइल फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट बैंकिंग फ्रॉड इत्यादि समस्याएं लगातार विकराल रूप ले रहे हैं। छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए साइबर सुरक्षा पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सी.बी.सौदिया के निर्देशन में जिले के साइबर सुरक्षा प्रभारी ब्रजकिशोर गर्ग सहायक उप निरीक्षक एवं शिशिर प्रभात त्रिपाठी साइबर क्राइम विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं को मोबाइल फ्रॉड की सोशल मीडिया ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी प्रदान की गई।

फोन पर दी जाने वाली डिजिटल अरेस्ट , बैंकिंग क्षेत्र में होने वाले अपराधों की जानकारी सुरक्षा एवं उसके उपाय संबंध में परिचर्चा का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के कार्यक्रम में ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी आदित्य राय, राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ नियाज़ अंसारी विशेष रूप से साइबर सुरक्षा के परिचर्चा में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ राजीव तिवारी द्वारा किया गया । साइबर सुरक्षा से संबंधित छात्र-छात्राओं के प्रश्न उत्तर का जवाब श्री गर्ग द्वारा प्रदान किया गया स छात्र-छात्राओं को इंस्टाग्राम, फेसबुक एवं बैंकिंग ओटीपी सीवी नंबर इत्यादि से संबंधित जानकारी पब्लिक प्लेटफॉर्म पर शेयर नहीं करने की सलाह प्रदान की गई । कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के डॉ जुगल किशोर ,डॉ प्रणीता त्रिपाठी ,डॉ.राजेंद्र प्रसाद ,डॉ.उदित नारायण, डॉ.रश्मि साकेत , डॉ.तबस्सुम बानो के मार्गदर्शन में किया गया । साइबर सुरक्षा के सामाजिक जन जागरूकता के कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण छात्र-छात्र एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर अब आप के शहर मनेन्द्रगढ़ में हर माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
BRAIN AND Mind clinic
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. बी.एच.यू. वाराणसी एवं अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर
स्थान
हरिशंकर यादव बदन सिंह मोहल्ला
स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के पास
समय - 10 बजे से शाम 06 बजे तक
सम्पर्क सूत्र मनेन्द्रगढ़ 9406222440
* दिमागी व शारीरिक तनाव
* नस व मांसपेशियों में दर्द व जलन
* उदासी व डिप्रेशन
* सेक्स में कमजोरी
* चिंता, घबराहट, बचैनी
* नशे की लत जैसे- शराब, गांजा
* आत्महत्या का विचार आना
* बच्चों में एकाग्रता की कमी
* डर, गुस्सा, पागलपन
* चिड़चिड़ापन एवं भूलने की बिमारी
* मिर्गी, झटका, चक्कर
* टेंशन, माइग्रेन, सिरदर्द
ब्रेन एंड माइंड क्लीनिक
शॉप नं. ए-18, ग्राउण्ड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक, नारायण प्लाजा, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं.- 8827750977

## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन



**शहडोल।** विश्व् महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेन्ट्रल बैंक के द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रणव कपूर, जिला अग्रणी प्रबंधक अमित चौरसिया, क्षेत्रीय कार्यालय एवं बैंक के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के लिए एमपी टास पोर्टल ओपन

**शहडोल।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्यनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए एमपी टॉस पोर्टल आगामी 15 दिवस के लिए खोला गया है। पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन एमपी टॉस पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें।

### 10 मार्च को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 मार्च को होली का पर्व तथा 31 मार्च को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा । इस संबंध मे जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 मार्च को कलेक्टर सभागार में आहूत की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### गेहूं पर 175 प्रति क्विंटल मिलेगा बोनस

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रुपये 2425 प्रति क्विंटल पर रुपये 175 प्रति क्विटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा। जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रूपये 2425 प्रति क्विंटल प्लूस 175 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2600 प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा । रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसानो से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जाएगी ।

### महिला ने शराबी पति के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में रहने वाली महिला के द्वारा अपने पति बबलू के खिलाफ शराब के नशे में आए दिन गाली गलौज कर मारपीट व धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। महिला ने बताया कि पति के द्वारा आए दिन नाहक विवाद करते हुए मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। बार-बार की प्रताड़ना से तंग आकर पति के खिलाफ ने थाने की शरण ली है।

## हाईकोर्ट ने दिया था निर्णय, नहीं चल रहा अभियान

# तीन माह में भी बंद नहीं हुए अवैध पैथालाजी सेंटर

**शहडोल।** पैथालाजी जांच का अवैध धंधा बंद कराने हाईकोर्ट ने दिसंबर माह में निर्देश दिए थे और उसकी पात्रता भी निर्धारित की थी, लेकिन आज तक न तो नियमविरुद्ध संचालित होने वाली दूकाने बंद हुईं और न हाईकोर्ट के आदेश का पालन हो रहा है। ज्ञातव्य है कि यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्तर से किया जाना चाहिए था। लेकिन अभी तक कोई अभियान नहीं चलाया गया है। पैथालाजी सेंटर अपात्र और अयोग्य होने के बावजूद बदस्तूर संचालित हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि आदेश की मंशा के अनुरूप संभवतः जिले में अभी डाक्टरों की जो स्थिति है, उसके अनुसार कुल 8 डाक्टर ही पैथालाजियों के पात्र होंगे, जबकि यहां 50 से भी अधिक पैथालाजी सेंटर चल रहे हैं। बताया गया कि इन सेंटरों को पर्दे के पीछे से कोई न कोई डाक्टर ही चलवा रहा है। हाईकोर्ट का यह आदेश जनहित की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आदेश माना जा रहा है। पैथालाजियों की नाजायज दुकाने बंद होने से इतना अवश्य है कि जांच की रिपोर्ट सही मिलेगी और रोगी का समुचित रूप से इलाज हो सकेगा।

### हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया

हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया था कि निजी पैथोलॉजी लैब का संचालन केवल ऐसे पैथोलॉजिस्ट द्वारा सुनिश्चित की जाए जो मध्यप्रदेश आयुर्वेद परिषद अधिनियम, 1987 की धारा 13 एवं 24 की आवश्यकता को पूर्ण करते हों। किसी भी निजी प्रयोगशाला का संचालन केवल तकनीशियन द्वारा किए जाने की अनुमति नहीं है। प्रयोगशाला तकनीशियन केवल उसी प्रयोगशाला में कार्य कर सकता है जो वास्तव में योग्यताधारी पैथोलॉजिस्ट द्वारा स्वयं संचालित अथवा पर्यवेक्षित की जाती हो। पैथोलॉजी लैब को केवल योग्य और पंजीकृत पैथोलॉजिस्ट ही चला सकेंगे और तकनीशियन इसके संचालन का अधिकार नहीं रखेंगे। साथ ही, दूसरे शहरों के विजिटिंग पैथोलॉजिस्ट द्वारा पैथोलॉजी लैब का संचालन भी नहीं हो सकेगा। एमबीबीएस डॉक्टरों को पैथोलॉजी और लैब संचालन के लिए आवश्यक विशेषज्ञता नहीं मानी जाती, क्योंकि पैथोलॉजी एक विशिष्ट शाखा है जिसमें गहन अध्ययन के साथ प्रशिक्षण भी दिया जाता है। पैथालाजी जांचों की शुद्धता के लिए इस तरह का अध्ययन और प्रशिक्षण अनिवार्य होता है। इस नए नियम के अनुसार, पैथोलॉजी सेवाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।




### जांचों की शुद्धता के लिए दिए थे निर्णय

हाईकोर्ट ने पैथालाजी की जांच रिपोर्टों को सटीक और उनमें शुद्धता लाने के लिए निर्णय दिया है। उसने भर्रा समाप्त करने के लिए एमबीबीएस डॉक्टरों पर भी पांबदी लगाई है। जो पैथालाजी से विशेषज्ञ नहीं हैं, उनके लिए भी पैथालाजी का कोर्स अनिवार्य है। यह नियम भारतीय चिकित्सा परिषद और अन्य स्वास्थ्य नियामकों द्वारा लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य पैथोलॉजी जांचों की गुणवत्ता और सटीकता को सुनिश्चित करना है। इसके तहत केवल योग्य और पंजीकृत पैथोलॉजिस्ट ही निजी पैथोलॉजी लैब का संचालन कर सकते हैं। इस नियम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पैथोलॉजी लैब में की गई जांच और परीक्षण सही और सटीक हों, ताकि मरीजों को सही निदान और उपचार मिल सके।

### कार्रवाई की नहीं हो रही पहल

कोर्ट के निर्णय के अनुसार नए नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जानी थी, और संबंधित लैब्स को बंद करने या भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन यह सब तो तब होता जब जिला स्तर से कार्यालय प्रभारियों या अधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट के निर्देशों के परिपालन में कोई कदम उठाया जाता। यहां तो हालत यह है कि कोर्ट ने आदेश कर लिया, सबने जान लिया और फिर उसे एक कोने में रख दिया गया। सारा खेल यथावत चल रहा है। मरीज रोजाना इनके मकडज़ाल में फंसकर अपना धन व तन बर्बाद करते हैं। धन फूंकने के बावजूद गलत रिपोर्ट मिलने के कारण मरीज का गलत इलाज होता है और उसका रोग बढ़ता रहता है। जानकारी तो यह भी मिली है कि लगभग 50 फीसदी ऐसे सेंटर हैं जिनके पास न कोई लायसेंस है न किसी की अनुमति है।

## एक रात में पुलिस ने पकड़े 77 वारंटी



**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाकर की वारंटियों की धरपकड़, गुंडा-बदमाशो को चेक किया, 05-06 मार्च की दरम्यानी रात चलाये गये कॉम्बिंग गस्त अभियान के तहत जिले के समस्त थाना-चौकी द्वारा कार्यवाही कर 23 स्थाई, 47 गिरफ्तारी, 07 वसूली कुल 77 वारंटी पकड़े गये, साथ ही 81 गुंडा / निगरानी बदमाशो को चेक किया गया । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, व अनु. अधि. पुलिस उमरिया, पाली के निर्देशन में वारंटियों की धरपकड़ एवं गुंडा-बदमाशो की चैकिंग के लिए पुलिस द्वारा 05 मार्च की रात्रि 10 बजे से 06 मार्च की रात्रि 01 बजे तक कॉम्बिग गस्त अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की गई । जिसमें समस्त थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा थाना-चौकी स्तर पर टीम गठित कर वरिष्ठ अधिकारियों की ब्रीफिंग के मुताबिक 05-06 मार्च की दरम्यानी रात काम्बिंग गस्त कर वारंटियों की पता-तलाश कर उनको पकड़ा गया साथ ही गुंडा / निगरानी बदमाशो की चैकिंग कर उनके दैनिक क्रियाकलापों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई । कार्यवाही के दौरान समस्त थाना-चौकी द्वारा 23 स्थाई, 47 गिरफ्तारी, 07 वसूली इस प्रकार कुल 77 वारंटियों को पकड़ा साथ ही 81 गुंडा / निगरानी बदमाशो को चेक किया गया । इसके साथ-साथ पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की पता-तलाश की कर जानकारी एकत्रित की गई । पकड़े गये वारंटियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों एवं उनकी टीम का योगदान रहा है ।

## शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे विधायक एवं भाजपा कार्यकर्ता

**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बरना के सुप्रसिद्ध मां खांखड़ा देवी मंदिर में शनिवार 01 मार्च से शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत हुई साथ ही 02 मार्च 2025 से दुर्गा रामलीला मंडली ग्राम देवरा द्वारा रात्रि में रामलीला का मंचन किया जाता है। विभिन्न कार्यक्रमों में विधायक विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल एवं विधायक विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर मनीषा सिंह को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था और दोनों ने आमंत्रण स्वीकार किया, साथ ही बुधवार 5 मार्च को दोनों विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के अनेकों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शिरकत की ।

### सौंपा मांग पत्र

कार्यक्रम में पहुंचे दोनों विधायकों के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मां खांखड़ा देवी मंदिर में रामलीला मंच बनाकर मंदिर में साज-सज्जा किया जाए। ग्राम पंचायत बसोहरा से निगाई तक एवं ग्राम पंचायत बसोहरा से ठेंगरहा तक पक्की सडक़ का निर्माण कराया जाए साथ ही गांव में पक्की सडक़ों के निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा गया।



**यह रहे उपस्थित**

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से विधायक मनीषा सिंह एवं शरद जुगलाल कोल, सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम नारायण पांडेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक कुमार मरावी, थाना प्रभारी एस.पी.चतुर्वेदी, जनपद सदस्य राम प्रसाद पयासी, भाजपा नेता निर्मल द्विवेदी, आदेश शुक्ला, सुनील द्विवेदी, ग्राम पंचायत बरना सरपंच बालदेव सिंह, राम निहोर द्विवेदी सहित मां खांखडा.देवी मंदिर समिति के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गस्ती के दौरान मिला तेंदुए का शव



**उमरिया।** परिक्षेत्र मानपुर बफर की बीट माला के कक्ष क्रमांक पीएफ 349 में वन गस्ती के दौरान एक मृत तेंदुआ पाया गया। मौके की घेराबंदी कर सक्षम अधिकारियों द्वारा डॉग स्क्वायड एवं मेटल डिटेक्टर की सहायता के जाँच की गई। आस-पास घूमने पर तेंदुआ एवं बाघ के पग मार्क पास के नाले से पाए गए । प्रथम दृष्टया मौत का करण दूसरे नासाहारी वन्यप्राणी से संघर्ष प्रतीत हो रहा है । पोस्टमार्टम पश्चात विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी एवं आगामी कार्यवाही की जाएगी ।

### रामनगर पुलिस ने फरार 2 स्थायी, 02 गिरफ्तारी वारंट तामील किये

**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा आदेशित बुधवार की रात्रि जिले में काबिंग गस्त के दौरान फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी की तामीली जिला बदल आरोपियों की घर चेकिंग, निगरानी एवं गुण्डा बदमाशो की चेकिंग एवं वसूली वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया था। दौरान गश्त रामनगर पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में अलग अलग पार्टीयों नें वांछित अपराधियों की धरपकड़ की जाकर फरार चल रहे 02 स्थाई, 02 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। माननीय रश्मि बागरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश के प्रकरण क्रमांक 1688 /17 अप0क्र0 244/17 धारा 379 346 IPC के स्थाई वारंटी रूप सिंह पाव पिता चुन्नू लाल पाव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम फूलकोना एवं प्र0क्रमांक 660/ 17 अपराध क्रमांक 208 /17 धारा 498 ए 323 506 के वारंटी धरमलाल बंसल बंसल उम्र 35 वर्ष निवासी आमाडांड तथा माननीय सुश्री गुंजन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा के प्रकरण क्रमांक 555/22 अपराध क्रमांक 277/22 धारा 34(1) आबकारी एक्ट के गिरफ्तारी वारंटी रिबन सिंह पिता स्व. लाल सिंह मरावी उम्र 27 वर्ष निवासी ददई बहरा थाना भालूमाढा व हीरा सिंह मरावी पिता लखन सिंह मरावी उम्र 25 वर्ष निवासी ददई बहरा थाना भालूमाड़ा के वारंट तामीली में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुमित कौशिक, एएसआई अशोक सिंह, प्रआर श्याम शुक्ला, सनत द्विवेदी, हरीश डहेरिया, मआर पूजा राजपूत का योगदान रहा।

### लग अलग स्थानों में दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

कटनी। कुठला पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार सुखराम आदिवासी 40 साल निवासी भरवारा के कब्जे से 18 पाव देशी प्लेन मदिरा, मुन्ना तिवारी 52 साल निवासी हरदुआ के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन मदिरा, धर्मेन्द सोनी 53 साल निवासी मशरूहा वार्ड कोतवाली कटनी के कब्जे से 150 पाव देशी प्लेन मदिरा, पुष्पेन्द दाहिया 25 साल निवासी बरती थाना रामपुर बघेलान सतना के कब्जे से 25 पाव देशी प्लेन मदिरा, अनुज खरे 22 साल निवासी मझगवा के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 44.64 लीटर शराब कीमत 23800 रुपये की जप्त की।

### राकेश बने कार्यालय प्रभारी, भूपेंद्र को मिली मन की बात की जिम्मेदारी

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य वार्ड नंबर 15 के पार्षद राकेश सोनी को संभागीय मुख्यालय शहडोल भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय का कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया है तो, वहीं भाजपा के पूर्व महामंत्री ,जनपद पंचायत सोहागपुर के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित होने वाली सभी महत्वपूर्ण बैठके आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं कार्यालय का संपूर्ण कार्य सुचारू रूप संचालन के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्षद राकेश सोनी की नियुक्ति जिला कार्यालय प्रभारी के रूप में की है तो, वही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का जिला प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।



## पेट्रोल पंपों पर हो रहा नियमों का उल्लंघन, सेल्स ऑफिसर बने बेखबर



### उपभोक्ताओं की परेशानी को किया जा रहा नजरअंदाज

**कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित पेट्रोल पंपों में पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा बनाए गए नियम कानून का खुलकर मजाक उड़ाया जा रहा है जहां एक ओर पेट्रोलियम कंपनियां ग्राहक हित को सर्वोपरि मानते हुए पंप संचालकों को नित नये सख्त निर्देश जारी कर सुविधाओं के विस्तार में अग्रसर रहने निर्देशित किया जाता है, परंतु कोतमा सहित कोयलांचल क्षेत्र मे स्थित पेट्रोल पंपों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखा जाता है एवं पंप संचालक सीमित कर्मचारी रखकर अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मे अपने पंपों का संचालन कर रहे हैं। इनके द्वारा मात्र एक पॉइंट ऑफ सेल मशीन से पेट्रोल डीजल दिया जाता है जिससे पंप प्रांगण में लंबी लाइन लग जाती है और ग्राहकों का समय खराब होता है इस संबंध में अनेकों बार पेट्रोलियम कंपनियों के सेल्स ऑफिसरो से शिकायत की गई परंतु पंप संचालक के रसूख के सामने सेल्स ऑफिसर घुटना टेक जाते हैं। पंप संचालकों की मनमानी के चलते आम उपभोक्ताओं को बेतहाशा परेशान होना पड़ता है। नागरिकों ने बताया की भले ही पंपों में दो तीन मशीन लगाई गई है परंतु उनके प्रबंधन द्वारा पर्याप्त स्टाफ न रखकर सीमित कर्मचारियों के भरोसे सिर्फ एक मशीन से पेट्रोल डीजल की बिक्री की जा रही है। जो पेट्रोलियम कंपनी के नियमो के हिसाब से बिल्कुल गलत है। पंप संचालकों द्वारा ग्राहकों को प्रदाय की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में भी बेतहाशा कंजूसी की जाती है। लोगों ने बताया कि इस दिशा में क्षेत्र के अंतर्गत संचालित पेट्रोल पंपों पर ना तो पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था है ना ही वाहनों में हवा चेक करने वाली सुविधा प्रदान की गई है। पेट्रोल पंप संचालकों के द्वारा पेट्रोल पंपों में दिखावे के लिए मशीन तो रखी गई है लेकिन वह चलती ही नहीं है। जिसके कारण ग्राहकों को मिलने वाली पर्याप्त सुविधा पेट्रोल पंप संचालकों के द्वारा नहीं दिया जाता है। जब नागरिकों के द्वारा पेट्रोल पंपों में इस संबंध में शिकायत की जाती है तो उनका कहना रहता है कि हमने शिकायत दर्ज कर दी है सेल्स ऑफिसर की जानकारी में है।

## बिजुरी पुलिस ने फरार 1 स्थायी, 4 गिरफ्तारी व 1 वसूली वारंटी को किया गिरफ्तार

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण हेतु बुधवार की रात्रि जिले के समस्त थानो में काबिंग गस्त कराई गई जिसमें फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी की तामीली जिला बदल आरोपियों की घर चेकिंग, निगरानी एवं गुण्डा बदमाशो की चेकिंग एवं वसूली वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया । बुधवार की रात्रि 5 मार्च को बिजुरी पुलिस द्वारा काबिंग गस्त के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, सउनि कमलेश तिवारी, उदय प्रजापति, विपिन बिहारी राय, प्रआ सतीष मिश्रा, आर. लक्ष्मण डांगी, प्रभाकर त्रिपाठी, आनन्द बैस, रामनिवास गुर्जर, म.आर. संगम तोमर की अलग अलग पार्टीयों नें वांटेड अपराधियों की घेराबंदी की जाकर फरार चल रहे 6 वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया जिसमें से मो. हुसैन उर्फ डबलू पिता मो. हासिम उम्र 35 वर्ष निवासी गुलाब ग्राउण्ड के पास बिजुरी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. 381/2020 धारा 294, 323, 506 ताहि में गिरफ्तारी वारंट जारी होने, कन्हैया कुमार पनिका पिता गोपाल दास पनिका उम्र 38 वर्ष निवासी क्वा.न. 1006 माईनस कालोनी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. 40/24 धारा 125(3) में 264000 रुपये का वसूली गिरफ्तारी वारंट जारी होने, कमला बाई पति स्व. घुरई चौधरी उम्र 55 वर्ष निवासी उडिया दफाई बिजुरी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. 338/2020 धारा 294, 323, 506, 34 ताहि में गिरफ्तारी वारंट जारी होने, सागर मोगरे पिता माथुर मोगरे उम्र 23 वर्ष निवासी रेलवे कालोनी बिजुरी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. 965/2021 धारा 294, 323, 506 ताहि में गिरफ्तारी वारंट जारी होने, मो. हुसैन उर्फ डबलू पिता मो. हासिम उम्र 35 वर्ष निवासी गुलाब ग्राउण्ड के पास बिजुरी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. 784/2019 धारा 25(बी) आर्म्स एक्ट में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी होने, सावित्री बंसल पति प्रकाश बंसल उम्र 35 वर्ष निवासी कनई टोला बिजुरी को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1083/2021 धारा 294, 323, 506, 34 ताहि में गिरफ्तारी वारंट जारी होने से गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



### मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज सिंह को कोतमा ब्लॉक का नया सीबीएमओ किया गया नियुक्त



**कोतमा।** पदभार ग्रहण करते ही 6 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा का विजिट किया। अस्पताल परिसर में बनी नव-निर्माणित भवन का निरीक्षण भी किया और उसे संचालित करने की अनुमति भी प्रदान की। अस्पताल के सभी स्टाफ़ से मिल कर उनकी समस्या को भी जाना। अस्पताल परिसर के आस-पास फैली गंदगी को देखकर नाराज हो गए। फार्मेसी में दवा का वितरण समय पर हो जिससे मरीज को कोई परेशानी न हो। टीबी उन्मूलन में निक्षय शिविर की भी जानकारी लेते हुए कोतमा एसटीएस व एसटीएलएस द्वारा की गई विजिट और कैम्प की भी जानकारी ली। पैथोलॉजी विभाग में खून जांच के लिए आये मरीज को समय पर रिपोर्ट मिले, इसके लिए साइन्स हाउस के स्टाफ़ को निर्देशित किया। सीबीएमओ द्वारा अस्पताल परिसर में सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए सभी विभाग के स्टाफ को समय पर आने की बात कही। इस दौरान डॉ गणेश प्रजापति, डॉ नाज शेख, नेत्र सहायक एम ए कुरैशी, लैब टेक्नीशियन सीमा निराला, ज्योत्स्ना सिंह, शुसीला सिंह, श्यामवती पेंड्राम, चंदन कुमार, मंजू केरकेट्टा, रेडियोग्राफर इशरत खान भी उपस्थित थी।



### जर्जर सड़क एवं गड्ढों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

**कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से होकर बिजुरी की ओर जाने वाली है सड़क जर्जर हालत में है सड़क में कई गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क एवं गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। बता दे की राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 बेलिया फाटक फ्लाई ओवर के पास से बिजुरी की ओर जाने वाली सड़क जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग से बलिया फाटक की और सड़क में प्रवेश करेंगे वैसे ही सड़क जर्जर हो गई है सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जबकि इसी मार्ग से मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल अपने निवास बिजुरी आना-जाना करते हैं उसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क की मरम्मत कारण जाने की ओर ध्यान नहीं जा रहा है। इस संबंध में जब मंत्री दिलीप जायसवाल से चर्चा की तो उनका कहना था कि मेरे द्वारा जिला कलेक्टर को सड़क जर्जर सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया है मेरे द्वारा जिला कलेक्टर को पत्राचार भी किया जाएगा। सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण आमजन को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है सड़क में गड्ढे हो जाने के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी होती है आए दिन दो पहिया वाहन चालक चोटिल भी हो रहे हैं जल्दी जर्जर सड़क की मरम्मत कार्य प्रशासन के द्वारा करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बाइक की टक्कर लगने से प्रधान आरक्षक घायल

**कटनी।** जांच अभियान के दौरान बाइक की ठोकर लगने से एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया। घटना उस वक्त हुई जब एनकेजे पुलिस रपटा पुल के पास कार्यवाही कर रही थी। बताया जाता है कि बुधवार दोपहर रपटा पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग के दौरान प्रधान आरक्षक कोदू लाल पटेल यहां से गुजर रहें एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास उनके द्वारा किया गया। लेकिन बाइक सवार युवक रुकने की जगह प्रधान आरक्षक कोदूलाल पटेल को टक्कर मार कर भाग निकला हालांकि पुलिस चेकिंग के दौरान अन्य पुलिस कर्मी यहां मौजूद थे बाइक सवार का पीछा किया गया और आगे जा कर उसे पकड़ लिया गया है। वही घायल पुलिसकर्मी को डॉयल 100 वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

### अलग अलग स्थानों में दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** कुठला पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार सुखराम आदिवासी 40 साल निवासी भरवारा के कब्जे से 18 पाव देशी प्लेन मदिरा, मुन्ना तिवारी 52 साल निवासी हरदुआ के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन मदिरा, धर्मेन्द सोनी 53 साल निवासी मशरूहा वार्ड कोतवाली कटनी के कब्जे से 150 पाव देशी प्लेन मदिरा, पुष्पेन्द दाहिया 25 साल निवासी बरती थाना रामपुर बघेलान सतना के कब्जे से 25 पाव देशी प्लेन मदिरा, अनुज खरे 22 साल निवासी मझगवा के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 44.64 लीटर शराब कीमत 23800 रुपये की जप्त की। कार्यवाही मे निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक के के सिंह, विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक केशव मिश्रा, सुनील पाण्डेय एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह का सुनाया प्रसंग



**सिलौंडी।** गोपालपुर लालपुर में चल रही भागवत में कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण रुकमणी विवाह की कथा को सुनाया । भगवान श्री कृष्ण के16008 विवाह की कथा को सुनाया ।भगवान श्री कृष्ण के मां रुकमणी हरण की कथा सुनाई । झांकी के रूप में भगवान की बारात निकाली गई जिसमें यज्ञ समिती के अध्यथ मोहन बागरी,कोढ़ी ,शिवकुमार रजक डुमारी लाल साहू ,जनपद सदस्य निरंजन खटीक ने बारात का भव्य स्वागत किया । भगवान कृष्ण रुकमणी का पूजन अर्चन सरपंच मोहन मीना बागरी , सरपंच खमहिया बागरी अनिल सिंह बागरी,गोपालपुर सरपंच अर्चना प्रवीण तिवारी ,उदय सिंह बागरी ,पंकज तिवारी,नरेंद्र बागरी सोहन बागरी ने किया । इस दौरान सुशील तिवारी पंडा,सचिव शंकर लाल साहू ,लखन बागरी सचिव ,मनोज साहू ,मदन बाजपेई, राजकुमार तिवारी रहे ।

### चना, मसूर, सरसों का पंजीयन 10 मार्च तक

**कटनी।** रबी वर्ष 2024-25 और विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 मार्च 2025 तक चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन किया जाना है। चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन गेहूँ के पंजीयन के लिये निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्र में किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा ने कृषकों से अपील की है कि उपार्जन हेतु चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन निर्धारित अवधि में करें।

## भाजपा मंत्री के विवादित बयान पर कांग्रेस का विरोध

# पुतला दहन कर मांगा इस्तीफा

जिले के बिरसिंहपुर पाली मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह जी के नेतृत्व में बिरसिंहपुर पाली के अंबेडकर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

उमरिया



भाजपा सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान के खिलाफ कांग्रेस ने नारेबाजी करते हुए मंत्री का पुतला दहन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। भाजपा मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता की मांगों को "भीख मांगने" जैसा बताने और अपशब्दों का प्रयोग करने से प्रदेशभर में रोष व्याप्त हो गया है। कांग्रेस ने इसे जनता का अपमान बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को रोजगार, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के जो वादे किए थे, वे अब तक अधूरे हैं। जब जनता ने अपने मौलिक अधिकारों की मांग की तो मंत्री ने अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह, विंदे सिंह, रामनारायण पांडेय, छत्रपाल सिंह, मोहम्मद मोबीन, पूर्व पार्षद कृष्णकांत अवधिया, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष साकिर खान, मकसूद खान, मंडलम अध्यक्ष राजेश कोल, राम बिहारी उपाध्याय, प्रदीप नारायण तिवारी, पंडित त्यागी महाराज, संतोष शुक्ला, अभ्युदय सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह, पार्षद सागर राम जी रौतेल सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि मंत्री प्रहलाद पटेल के इस बयान को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उन्हें पद से बर्खास्त करें। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देते, उनका विरोध जारी रहेगा।

## नगर पालिका पाली में फुटपाथी दुकानदारों को स्थायी दुकान बनाकर दिया जाए बर्मन

बिरसिंहपुर पाली

नगर पालिका परिषद पाली के अंत्योदय समिति के अध्यक्ष श्री नरेश बर्मन ने समिति की बैठक में पाली नगर में चाय, पान मोची, नाई, प्रेस (इस्त्री) सब्जी, फुल्की-चाट जैसे दुकानदारों को स्थायी दुकान बनवाकर दिये जाने का प्रस्ताव दिया है। जो नगर पालिका अधिकारी से माग की गई है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर महोदय से अनुमति प्राप्त कर नगरीय क्षेत्र के रोड के सामने शासकीय विभागों के बाउण्ड्रीवाल जैसे तीनों अस्पताल एवं शासकीय मा० विद्यालय व 'रस्टहाउस की बाउण्ड्री में जैसे जनपद पंचायत पाली द्वारा जनपद काम्पलेक्स बनवाकर किराये पर दिया गया है। उसी प्रकार नगर पालिका एवं अन्य विभागों के द्वारा काम्पलेक्स बनाकर उसे बेरोजगारों



एवं फुटपाथी दुकानदारों को किराये पर दिया जाये। तभी सही मायने में पं दीनदयाल उपाध्याय जी के अत्योदय का विचार पाली नगर में साकार हो सकेगा। नगर के अत्यंत गरीब एवं समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को स्थायी रोजगार उपलब्ध होगा। जिससे की अपने परिवार का पालन पोषण कर सकेंगे। इसके लिए अर्थव्यवस्था की कमी पड़ने पर दुकान करने वाले लोगो दुकान बनाने के लिए पंजीयन शुल्कू के रूप में कुछ राशि जमा कराई ज सकती है जो किराये के रूप में समायोजित की जा सके। आगे नरेशश बन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी महोदय से आग्रह किया कि उक्त विषय पर अपने माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला कलेक्टर महोदय जी से विचार विमर्श कर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर योजना को सकारात्मक रूप देने की कृपा करें

### सभी विकासखंडों के 26 शिक्षकों को मिला क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा कटनी जिले के विकासखंडों के 26 शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान का प्रावधान किया गया है। आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कटनी (पदेन सदस्य सचिव) द्वारा माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों की क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों का विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति की बैठक 28 फरवरी 2025 परीक्षणोपरान्त की गई

## जल संरचनाओं एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराएं पूर्ण-सांसद

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

अनूपपुर।



सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधि के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन शत प्रतिशत सेचुरेशन के साथ करना सुनिश्चित करें तथा विकास कार्यों को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में कराकर जिले के सभी लोगों को इसका लाभ भी प्रदान किया जाए। बैठक में समिति की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें तथा क्षेत्र का भ्रमण कर विकास के कार्यों को मूर्तरूप देने में जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करें। बैठक में सांसद ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले के जल संरचनाओं एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। इस दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में कराए गए बोरिंग से पानी नहीं निकलने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गंभीरता से लेते हुए बोर का परीक्षण कर टेक्निकल समस्या को दूर करें तथा लोगों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल मुहैया कराएं। बैठक में सांसद ने ऊर्जा विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, सेतु निगम के अनूपपुर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, जनजातीय कार्य विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खनिज प्रतिष्ठान मद, पीडब्ल्यूडी एवं पीआईयू के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क एवं कार्य, स्वास्थ्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान के कार्यों के साथ-साथ एसईसीएल जमुना कोतमा, हंसदेव, सोहागपुर के द्वारा संचालित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी पर विस्तार से चर्चा कर सर्व संबंधितों को लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। दिशा समिति के सदस्य जनपद पंचायत कोतमा के अध्यक्ष, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष जैतहरी, दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम सहित अन्य क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय समस्याओं की ओर सांसद का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर सांसद ने इसके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सांसद ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार की मंशा के अनुरूप घर-घर नल से जल योजना से लोगों को लाभान्वित करने, आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र शेष बचे लोगों को लाभान्वित करने, कालरी क्षेत्र के नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए भूमि संबंधी समस्याओं का निराकरण, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालन तथा प्रचार-प्रसार करने तथा अधूरे निर्माण कार्यों को कन्वर्जेन्स से पूर्ण करने के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए गए।

### विकास के समर्पित प्रयासों की पुस्तिका की गई भेंट

प्रदेश सरकार के जन सेवा और विकास के समर्पित प्रयास के एक साल के विभिन्न कार्यों की जनकल्याण पुस्तिका जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक पश्चात सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भेंट की गई। पुस्तिका में मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के एक साल के कार्यों को प्रस्तुत किया गया है। पुस्तिका में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और डॉ. मोहन यादव सरकार के मिशन के कार्यों को परिलक्षित किया गया है।

## प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण विभाग के क्लोजर ऑर्डर के बाद भी संचालित स्टोन क्रेशर

# मामला मेसर्स बालाजी स्टोन क्रेशर जहां आज तक नहीं काटी गई विद्युत लाईन

अनूपपुर।

जिले में वैद्य अवैद्य रूप से पत्थरों का उत्खनन स्टोन क्रेशर संचालक करते आ रहे हैं जिनमें से कुछ संचालकों ने दिये गये निर्देशों की अवहेलना कर रखी है जिससे पर्यावरण, खनिज संपदा, वनस्पति एवं जीव जंतुओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है इसी तरह से ग्राम पंचायत दोनिया में सुभाष मित्तल के स्वामित्व वाले बालाजी स्टोन क्रेशर पर नियमों की अवहेलना पाये जाने से प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय द्वारा क्लोजर ऑर्डर पूर्व में जारी किया था जो आज दिनांक तक क्रियान्वित नही हो सका है।

म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल द्वारा 7.08.2023 को अपने पत्र क्रमांक 1292 में उल्लेखित किया गया है कि वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1921 की धारा 31 क के तहत बंद किया जाये साथ ही लिखा है कि उक्त संचालित स्टोन क्रेशर खसरा नं 881 रकवा 1.40 एकड़ ग्राम दोनिया तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर म.प्र. विभाग के अधिनियम 1981 के प्रावधानों की अवहेलना करते हुये सतत संचालित किया जा रहा हैअतः उक्त स्टोन क्रेशर पर विभाग धारा 31 के तहत कार्यवाही कर बंद किये जाने का आदेश जारी करता है साथ ही विद्युत विभाग को सूचित करता है कि उक्त स्टोन क्रेशर से विद्युत विच्छेदन कर इसे बंद माना जाये और विद्युत विभाग यदि है तो अपने बकाये की राशि वसूल करे उक्त आदेश के 18 माह बीत जाने के बाद भी स्टोन क्रेशर का संचालन धड़ल्ले से होना प्रशासनिक अधिकारियों पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।प्रदूषण नियंत्रण के निर्देशप्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी



संजीव मेहरा के हस्ताक्षरित पत्र पर स्टोन क्रेशर संचालक को कहा गया है कि आदेश दिनांक 7.8.2023 को तत्काल प्रभाव से मानते हुये स्टोन क्रेशर इकाई का संचालन बंद किया जाये एवं संबधित विभाग जो जल एवं बिजली सप्लाई के साथ अन्य सुविधाये भी बंद करे स्टोन क्रेशर इकाई प्रबंधन या संअधित व्यक्ति द्वारा उपरोक्त निर्देशों की अवहेलना की जाती है तो संचालक को ही जिम्मेवार व्यक्ति माना जायेगा जिसके खिलाफ वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण विभाग प्रावाधानों अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर अधिनियम 1981 की धारा 37 एवं 39 के तहत न्यायालीन कार्यवाही भी की जा सकती है जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी उक्त क्रेशर के संचालक सुभाष मित्तल की मानी जायेगी।प्रदूषण विभाग में चला मामला विभाग द्वारा जिला कलेक्टर अनूपपुर, अनुविभागीय अधिकारी, खनिज अधिकारी को सूचित एवं डिविजनल इंजीनियर म.प्र. पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी की ओर निर्देशित पत्र क्रमांक 1293 लिखा है कि उक्त स्टोन क्रेशर इकाई के विद्युत कनेक्शन तत्काल विच्छेदित कर सूचित करें वहीं खनिज विभाग को सूचनार्थ लिखा है कि उक्त स्टोन क्रेशर से संबधित स्टोन माइंस को पिट-पास जारी न करे प्रदूषण विभाग में मामला आने के बाद कार्यालय के आउट वर्ड पत्र क्रमांक 15208 दिनांक 7.10.2021 अधिनियम 1981 के प्रावधान एवं विभाग द्वारा जारी क्लोजर नोटिश पत्र क्रमांक 743 दिनांक 22.06.2023 जारी हुये स्टोन क्रेशर द्वारा प्रतियोत्तर में पत्र 12.7.2023 के बाद कार्यालय अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तत्पश्चात यह आदेश जारी किया गया है।चालू करने की शर्तेंमेसर्स बालाजी स्टोन क्रेशर का संचालन 7.8.2023 से तत्काल बंद कराये जाने के बाद चालू करने के लिये जो शर्तें नियमानुशार प्रदूषण विभाग ने संचालक सुभाष मित्तल को बताई थी उनमें स्टोन क्रेशर इकाई परिषर में विद्यमान क्षतिग्रस्त विंड ब्रेक्रिंग बेरियर का मरम्मत कार्य के साथ क्रेशर संचालन के दौरान जीरो डस्ट एवं महीन डस्ट/गिट्टी का परिवहन करने वाले कनवेयर बेल्ट के ड्रॉप डाउन बिन्दुओं को पूर्ण रूप से कवर्ड करना होगा साथ ही इकाई में प्यूजीटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु पूर्ण रूप से कवर्ड कर ही रखा जायेगा एवं क्रेशर इकाई परिसर में विद्यमान वृक्षारोपण को नियमित रूप से सघन कर हरित पटिटका विकसित की जाये एवं साइड कवर को सुनिश्चित हो जाने के बाद ही संचालन शुरू किये जाने की अनुमति ली जा सकेगी बावजूद इसके क्रेशर का सतत रूप से अनवरत संचालन विभागों की समंजसता के साथ पर्दे के पीछे चली कहानी बयां कर रहा है।अवैध उत्खनन के साथ विस्फोटस्टोन क्रेशर के आसपास अवैध उत्खनन न होता हो ऐसा प्रायः देखा नही गया है उसी क्रम में उक्त स्टोन क्रेशर संचालक भी अवैध उत्खनन परिवहन को बढ़ावा देने का कार्य करता आ रहा है यहां प्रायः स्थानीय ट्रेक्टर मालिकों से प्रति ट्रॉली की दर पर अवैध बोल्डरों को मंगा कर खरीदा जाता है जिसे गिट्टी में बदल कर भारी दामों में विक्रय कर दिया जाता है स्थानीय मजदूर एवं ट्रेक्टर मालिक जो प्रायः किसानी करते हैं उनके श्रम का दोहन किया जा रहा है इसी बीच यदि पत्थरों की डिमांड आवक से ज्यादा रही तो बारूदी धमाके करने से गुरहेज भी नही किया जाता इतना ही नही धूल का गुबार संचालन के दौरान प्रदूषण फैलाने में कोई कोर कसर नही कर रहा है।

### इनका कहना है

मुझे यहां आये हुये कुछ ही दिन हुये हैं इसलिये इस पुराने आदेश की जानकारी नही है यदि ऐसा आदेश जारी किया गया है तो उसे प्रभाव में जल्द ही लाया जायेगा।लवकुश पटेलजेई विद्युत विभाग पुष्पराजगढ़आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है अगर ऐसा कोई मामला है तो उसे दिखवाते हुये जल्द ही न्यायोचित कार्यवाही की जावेगी।

**महिपाल सिंह गुर्जर एसडीएम पुष्पराजगढ़**



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में मंगलवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने गीत,नृत्य,सामूहिक नृत्य,कॉमेडी नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मनमोह लिया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश ब्यौहार,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे, प्राचार्य डॉ. रतिराम अहिरवार,थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,कालूराम चौरसिया,राजा चौरसिया, गोविंद प्रताप सिंह, बंसत चौरसिया,संतोष दुबे,पारस पटेल, अटल ब्यौहार,रतिराम आदिवासी, सत्तू पांडेय,जितेंद्र अरोरा,अश्विनी शुक्ला,रमन शुक्ला, मुन्नू गौतम,जगन्नाथ मांझी,संदीप सोनी, प्रमोद असाटी,शैलेन्द्र पौराणिक, ऋषभ त्रिपाठी,अतुल गर्ग, सुशील झारिया,प्रदीप चौरसिया,रिंकू मिश्रा, वैभव चौरसिया,अरविंद ब्यौहार, अरुण गुप्ता,दिनेश गुप्ता,अंकित झारिया,महाविद्यालय स्टॉफ,छात्र छात्राओं सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या शुक्ला और आभार डॉ. दीपिका जैन ने जताया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ.आशीष पांडे, डॉ. नीमा सिंह, डॉ. अरुणादास, डॉ. ईश्वरदीन चौधरी, डॉ. जयप्रकाश अवस्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### संकल्प महाविद्यालय ने किया 9वें रोजगार मेले आयोजन

**अनूपपुर।** संकल्प महाविद्यालय में 9 वें रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से अनूपपुर जिला न्यायालय के न्यायायिक दंड अधिकारी विनोद वर्मा एवं विधिक सेवा अधिकारी दिलावर सिंह द्वारा की गई। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कंपनियों एवं हॉस्पिटल को रोजगार मेले में आमंत्रित किया। जिसमें से 25 संस्थाओं ने अपनी सहभागिता दी। जिसमें कंपनियों एवं हॉस्पिटल द्वारा 200 से अधिक युवाओं का नाम संक्षिप्त सूची में लिया। रोजगार मेले में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संकल्प महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक तत्वों से अवगत कराना व उन्हें भविष्य में रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध कराने का सदैव ही कार्य किया जाता रहा है।

### राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में पत्रकारों का हुआ सम्मान



**अमरकंटक।** मां नर्मदा की उद्गम स्थल और पवित्र नगरी अमरकंटक में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में एक अनूठा क्षण देखने को मिला, जब खबरें बनाने वाले पत्रकार स्वयं खबर बन गए। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के इस शिविर के तृतीय दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। शिविर में पत्रकार धनंजय तिवारी, श्रवण कुमार उपाध्याय, सोमू दुबे और बिपुल बर्मन बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि जो पत्रकार आमतौर पर खबरें बनाते हैं आज वे स्वयं इस शिविर का हिस्सा बनकर खबर बने हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनंजय तिवारी ने कहा कि इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर वे और उनके साथी पत्रकार अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय इस शिविर में प्रदेशभर से आए 600 स्वयंसेवकों को नेतृत्व प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की शिक्षा दी जा रही है जो एक सराहनीय पहल है। सांस्कृतिक संध्या में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के स्वयंसेवकों ने जनजातीय लोक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक और कविता वाचन जैसी प्रस्तुतियां दीं जिन्हें उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन राज्य एनएसएस अधिकारी राहुल सिंह परिहार ने किया।

## पोंड़की विद्यालय के नकल प्रकरण में संलिप्त सभी जिम्मेदारों पर गिरी गाज

# निंदनीय कृत्य पर 2 शिक्षक एवं भृत्य को कलेक्टर ने किया निलंबित

### केंद्राध्यक्ष एवं उप केंद्राध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी
### दोनों आरोपी अतिथि शिक्षक होंगे सेवा से पृथक, कलेक्टर ने प्राचार्य को जारी किए निर्देश

अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 27 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की में नकल सामग्री तैयार किए जाने के वायरल वीडियो में संलिप्त माध्यमिक शिक्षक सुशीला सिंह, प्राथमिक शिक्षक राम सिंह एवं भृत्य शोभित सिंह को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि परीक्षा केंद्र शासक.िय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोडकी केंद्र क्रमांक-361076 में नकल सामग्री तैयार किए जाने के वायरल वीडियो के संबंध में हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल परीक्षा 2025 के गठित दल प्रभारी द्वारा 27 फरवरी को निरीक्षण के समय पाया गया कि माध्यमिक शिक्षक सुशीला सिंह परीक्षा केन्द्र में केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष के सहयोग के लिए स्थानीय विद्यालयों की ओर से अधिकृत रही हैं। माध्यमिक शिक्षक की प्रथम दृष्टया नकल करने में संलिप्तता पाई गई, जिससे परीक्षा केंद्र की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता प्रभावित करने के कारण माध्यमिक शिक्षक को निलंबित किया गया है। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की के भृत्य शोभित सिंह द्वारा प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी कर बाहर ले जाने एवं परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता प्रभावित करने के कारण थाना अमरकंटक में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(2), 318(4) एवं मध्य प्रदेश मान्यता प्राप्त परीक्षाएं अधिनियम 1937 की धारा 3 सी/4 के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के कारण भृत्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ नियत किया गया है।




इसी प्रकार प्राथमिक शिक्षक राम सिंह परीक्षा केन्द्र में अनाधिकृत रूप से उपस्थित थे। प्राथमिक शिक्षक राम सिंह को निरीक्षण दल प्रभारी के द्वारा बुलाया गया, लेकिन मौके पर उपस्थित नहीं हुए, इससे यह स्पष्ट होता है कि राम सिंह प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय की संदिग्धता परिलक्षित हो रही है, जिससे परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता प्रभावित करने में सहयोग करने के आरोप में राम सिंह प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय शा.उ.मा.वि. लखौरा नियत किया गया है। सभी को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### केंद्राध्यक्ष एवं उप केंद्राध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर




माध्यमिक विद्यालय पोंड़की में परीक्षा अवधि में 100 मीटर की परिधि के बाहर का नकल करने का वायरल वीडियो के संबंध में केंद्राध्यक्ष छंदूराम भगत एवं उप केंद्राध्यक्ष आनंद कुमार कुजूर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा केन्द्र 361076 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोडकी में परीक्षा अवधि में 100 मीटर की परिधि के बाहर का नकल कराने का वीडियो वायरल हुआ। जिसकी जांच शासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी वर्ष 2025 में गठित की गई निरीक्षण दल प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर के द्वारा 27 फरवरी को परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोडकी में निरीक्षण में पाया गया कि परीक्षा केन्द्र में चल रही नकल रोकने के संबंध में केंद्राध्यक्ष छंदूराम भगत एवं उप केंद्राध्यक्ष आनंद कुमार कुजूर नकल रोकने के संबंध में कोई प्रयास नहीं किया गया। यह कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता दर्शाता है। क्यो न आपके विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंन्त्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलम्बन की कार्यवाही की जाए। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के अंदर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समयावधि में संतोषप्रद उत्तर प्राप्त न होने पर संबंधित के विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### दोनो अतिथि शिक्षक होंगे सेवा से पृथक

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की को 27 फरवरी को बोर्ड परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.वि. पोडकी में परीक्षा के नकल कराये जाने संबंधी वीडियों वायरल होने के पश्चात बोर्ड परीक्षाओं में निरीक्षण हेतु गठित जांच दल प्रभारी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र अनूपपुर एवं दल के सदस्य जयनारायण गुप्ता द्वारा परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया व वायरल वीडियो की जांच की गई। जांच द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है, कि वायरल वीडियो में दिख रहे अतिथि शिक्षक प्रेमलाल दरकेश अतिथि शिक्षक वर्ग 02 एवं मोहन चंन्द्रवंशी, अतिथि शिक्षक वर्ग 01 समक्ष मे बुलाकर जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें उक्त दोनो अतिथि शिक्षक के द्वारा प्रश्नों के उत्तर तैयार किया जाना स्वीकार किया गया है। प्रेमलाल दरकेश अतिथि शिक्षक वर्ग 02 एवं मोहन चंन्द्रवंशी अतिथि शिक्षक वर्ग 01 द्वारा परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता प्रभावित किये जाने के आरोप में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दोनो अतिथि शिक्षको के विरूद्ध थाना अमरकंटक में भारतीय न्याय संहिता 2023 धारा 316 (2), 318 (4) एव म.प्र. मान्यता प्राप्त परीक्षाए अधिनियम, 1937 धारा 3 सी/4 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अतः दोनो अतिथि शिक्षकों के विरूद्ध एस.एम.डी.सी. की बैठक बुलाकर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## होली का त्यौहार नजदीक आते ही रंगों और पिचकारियों की धूम

# जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल में उत्साह की लहर



अनूपपुर/कोतमा।

होली त्यौहार का आठ दिन शेष बचे हैं। इस बार मोदी थीम वाली पिचकारी और मुखौटे लोगों को खूब भा रहे हैं। बच्चे और युवा बड़े उत्साह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे वाले मुखौटे और उनके डिजाइन की पिचकारियां खरीद रहे हैं। इसके अलावा, भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल, डमरू और बांसुरी के डिजाइन वाली पिचकारियों की भी खूब मांग बढ़ गई है। अनूपपुर नगर एवं कोतमा के बाजार में थोक दुकान पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। लोग नए तरीके के पिचकारी, मुखौटे आदि की डिमांड कर रहे हैं। इनमें मोदी-योगी के मुखौटे लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। वहीं शिव के त्रिशूल और डमरू वाले पिचकारी भी लोगों को भा रहे हैं। दुकानों पर मोदी मुखौटा लगाकर खुद दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार त्रिशूल वाली, रॉकेट लॉन्चर डिजाइन और अनार बम जैसी अनोखी पिचकारियां भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं।

### आकर्षित कर रहे तरह-तरह के मास्क

थोक संजय कुमार जैन ने बताया कि इस बार तरह-तरह के मास्क व बिग सभी को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों को जहां शेर, कंकाल व स्पाइडरमैन वाले मास्क पसंद आ रहे हैं वहीं रंग-बिरंगे बाल, मास्क, चश्मे, बैंड की भी लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं।

### खूब भा रही कुल्हाड़ी व हथौड़ा वाली पिचकारी

सामान्य पिचकारी से अलग हटकर हथौड़ा, कुल्हाड़ी, बाहुबली व मछली के शेप वाली पिचकारी लोगों को खूब भा रही है। यह 200 से 250 रुपये बिक रही है। इसके अलावा मैजिक कलर, मैजिक आइस तथा अनार व फाग स्माग सबकी पसंद बना है। मैजिक आइस के पैकेट में रखी शीशी में रखे पावडर को ग्लास में रखने के साथ ही जैसे ही उसमें पानी डाला जाएगा रंग बर्फ की तरह दिखने लगेगा। यह 30 से 35 रुपये प्रति पीस में उपलब्ध है। रंग पिचकारी के थोक विक्रेता नैमुद्दीन ने बताया कि पिछले साल बुलडोजर थीम वाली पिचकारी की जबरदस्त मांग थी, लेकिन इस बार मोदी जी की पिचकारी की नई वैरायटी आई है, जो 200 से लेकर 400 रुपए तक में बिक रही है। इनमें गन पिचकारी, कलर पाइरो पिचकारी, फाग टाइप कलर स्प्रे और अनार बम पिचकारी जैसी अनोखी वैरायटी शामिल हैं। इसमें कलर पाइरो पिचकारी से फाग की तरह रंगों की बौछार निकलती है, जबकि अनार टाइप बम पिचकारी को जलाने पर अबीर और गुलाल का छिड़काव होता है। इसके अलावा, त्रिशूल डिजाइन वाली और रॉकेट लॉन्चर टैंक सिलेंडर वाली पिचकारी भी खूब बिक रही है। बच्चों से लेकर युवा तक इस बार अलग-अलग थीम वाली पिचकारियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। होली में कुछ नया करने की चाहत में लोग भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल और डमरू डिज़ाइन वाली पिचकारी भी खरीद रहे हैं। बाल भी शाहरुख खान अमरीश पुरी मलिंगा मुर्गा बाल भी उपलब्ध है जिसे बच्चे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, अभी से लोग होली की खरीदारी में जुट गए हैं और अगले कुछ दिनों में बिक्री और बढ़ेगी। होली का यह बाजार रंगों से सराबोर है, और नए-नए डिजाइनों की पिचकारियां ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष होली के सामानों में काफी विविधता देखने को मिल रही है। कारोबारियों ने चार्जेबल इलेक्ट्रिक रैपिड फायर वाटर गन पहली बार बाजार में उतारा है। इसमें रंग भरने के बाद ट्रिगर दबाते ही 15 से 20 फीट दूर खड़े व्यक्ति को रंग से सराबोर कर देगा। इसके अलावा सिलेंडर वाले गुलाल दो व पांच किलो में उपलब्ध है, जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। योगी-मोदी का सिर में बांधने वाली पट्टी खासकर युवा अधिक पसंद कर रहे हैं। इसमें बीच में अयोध्या का श्रीराम मंदिर का चित्र आकर्षण का केंद्र है और यह प्रति पीस दस रुपये में उपलब्ध है। ये सभी माल दिल्ली कलकत्ता एवं अहमदाबाद से मंगाए गए हैं।

# हाईवे चौकी ने लगाई ट्रैफिक चौपाल

अनूपपुर।



पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर यातायात हाईवे चौकी द्वारा अब गांव-गांव जाकर ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। हाईवे चौकी स्टाफ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक चौपाल लगाकर विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों की शिक्षा और रोड सेंस के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर हाईवे चौकी द्वारा फुनगा के ग्राम वनगवां और बम्हनी जाकर ग्रामीणों के साथ ट्रैफिक नियमों के संबंध में चर्चा की गई एवं यातायात नियमों का प्रचार प्रसार किया गया।






# एसईसीएल ने लांच किया जटायु डैश बोर्ड

## सतर्कता विभाग की पहल, सीएमडी जेपी द्विवेदी ने बटन दबाकर किया शुभारंभ

**अनूपपुर।** 5 मार्च बुधवार को एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित महाप्रबन्धक समन्वय बैठक में सीएमडी जेपी द्विवेदी द्वारा एसईसीएल जटायु डैशबोर्ड का शुभारंभ किया गया। सतर्कता एवं सिस्टम विभाग के संयुक्त प्रयास से विकसित इस ऑनलाइन डैशबोर्ड में कोल इंडस्ट्री से जुड़े विभिन्न नियम, सर्कुलर, एसओपी, आदि का संकलन किया गया है। इस पहल से एसईसीएल कर्मियों को कामकाज से जुड़े विभिन्न नियम एवं दिशानिर्देश एक ही जगह उपलब्ध हो सकेंगे तथा नॉलेज अपडेट के माध्यम से निवारक सतर्कता (**Preventive Vigilance**) को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान निदेशक तकनीकी (संचा. सह यो/परि) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास एवं निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, सीवीओ हिमांशु जैन (वीसी के माध्यम से) संचालन क्षेत्रों के महाप्रबन्धक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे।



**SECL** सतर्कता एवं सिस्टम विभाग की एक पहल

महान महाकाव्य रामायण में, जटायु सतर्कता, कर्तव्य और धर्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक थे। वृद्ध और कमजोर होने के बावजूद, उन्होंने रावण को सीता का अपहरण करने से रोकने के लिए वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी, न्याय और सुरक्षा के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन किया। इस भावना से प्रेरित होकर, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (**SECL**) के सतर्कता और प्रणाली विभाग ने जटायु डैशबोर्ड विकसित किया है- जो कार्य-संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करके की दिशा में कार्य करेगा। यह पहल सुनिश्चित करती है कि अधिकारियों को प्रासंगिक नियमों, दिशानिर्देशों और मानदंडों की जानकारी हो, जिससे कार्य संचालन में शंका ना रहे और निर्णय लेने में आसानी हो। डैशबोर्ड सार्वजनिक उद्यम विभाग, व्यय विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, **CVC**, कोल इंडिया लिमिटेड और **SECL** जैसी प्रमुख संस्थाओं द्वारा जारी किए गए परिपत्रों, दिशानिर्देशों और **SOPs** को समेकित करता है। सुलभ सर्चिंग के लिए उचित टैगिंग के साथ, जारी करने वाली एजेंसी, क्षेत्र, विषय, वर्ष और तिथि के अनुसार दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से वर्गीकृत किया गया है। टीम द्वारा एआई - संचालित चैटबॉट को एकीकृत करके जटायु डैशबोर्ड को और बेहतर बनाने की कल्पना की गई है जो अधिकारियों के प्रश्नों के लिए विश्वसनीय, त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करेगा। ओपन वेब पर पारंपरिक **AI** खोजों के विपरीत, यह चैटबॉट डैशबोर्ड के सत्यापित संसाधनों से विशेष रूप से समाधान प्राप्त करेगा, जिससे गलत सूचना को कम करते हुए प्रामाणिकता और प्रासंगिकता सुनिश्चित होगी।

**यूजर द्वारा योगदान और निरंतर वृद्धि** -जटायु डैशबोर्ड में एक "योगदान" अनुभाग भी है, जो अधिकारियों को प्रासंगिक **PDF** अपलोड करके अनुपलब्ध संसाधनों को शामिल करने का सुझाव देने की अनुमति देता है। इन सबमिशन की समीक्षा एडमिन द्वारा की जाएगी और उन्हें रिपॉजिटरी में शामिल किया जाएगा। आने वाले दिनों में, **AI** चैटबॉट को टेंडरिंग, अनुबंध प्रबंधन, भूमि और पुनर्वास, वित्त, मानव संसाधन, और प्रमुख परिचालन क्षेत्रों से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (**FAQ**) के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा।